web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

**आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।**

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 02 अप्रैल 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 182

## कैबिनेट सचिव ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राज्यों के मुख्य सचिवों की बैठक

**» तब्लीग जमात में शामिल हुए लोगों का पता लगाएं**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के अन्य हिस्सों में लोगों के साथ संपर्क में आने की आशंका से कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के प्रयास खतरे में पड़ गए हैं। राज्यों से कहा गया है कि वह जमात के लोगों के संपर्क का पता लगाने का काम युद्धस्तर पर करें।

इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि तब्लीग जमात में भाग लेने वाले विदेशियों ने वीजा शर्तों का उल्लंघन किया था। राज्यों से ऐसे विदेशियों के साथ ही जमात के आयोजकों के खिलाफ भी वीजा की शर्तों के उल्लंघन के लिए कार्रवाई शुरू करने को कहा गया है। राज्यों से अगले सप्ताह के भीतर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना लागू करने के लिए कहा गया। इसमें लाभार्थियों के लिए बड़े पैमाने पर नकदी हस्तांतरण का काम किया जाएगा। कोविड संक्रमण के मौजूदा हालात में आपसी दूरी बनाए रखना सुनिश्चित करने के लिए इसे अलग-अलग समय में लागू करने की हिदायत दी गई है। बैठक में इस बात का संज्ञान लिया गया कि लॉकडाउन को पूरे देश में प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा



है। राज्यों से कहा गया कि वे लोगों को सामुदायिक स्तर पर दूरी बनाए रखने के लिए तैयार करने के साथ ही बिना किसी बाधा के वस्तुओं की अंतर-राज्य आवाजाही सुनिश्चित करें। राज्य सरकारों से आवश्यक वस्तुओं का विनिर्माण और उनकी आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

### विदेशी जमात कार्यकर्ताओं को वापस भेंजे

उधर गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे भारत में मौजूद तबलीगी जमात के करीब 2,000 विदेशी कार्यकर्ताओं का तत्काल पता लगाए और उन्हें पृथक करें। तबलीगी जमात के मुख्यालय मरकज निजामुद्दीन में आयोजित हुए कार्यक्रम में भाग लेने वालों में से कई लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने और छह लोगों की संक्रमण के कारण तेलंगाना में मौत हो जाने के बाद केंद्र ने राज्यों से यह बात कही। गृह मंत्रालय ने सभी मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों को लिखे पत्र में उनसे कहा है कि वे उन सभी विदेशी जमात अनुयायियों को पहली उपलब्ध उड़ान से उनके देश भेजें जो संक्रमित नहीं पाए गए हैं। इस समय तबलीग कार्य के लिए पर्यटन वीजा पर आए 70 से अधिक देशों के करीब 2000 विदेशियों के देशभर में फैले होने का अनुमान है।

**महत्वपूर्ण एवं खास**

### गम्भीर आपराधिक हरकत है निजामुद्दीन में लोगों का एकत्र होना : नकवी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने लॉकडाउन के बावजूद निजामुद्दीन में हजारों की संख्या में तब्लीगी समाज के जुटने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए इसे तालिबानी जुर्म करार देते हुए कहा है कि इसे माफ नहीं किया जा सकता है। नकवी ने कहा कि एकतरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरा देश कोरोना वायरस के प्रकोप की चुनौती से पार पाने में जुटा है वहीं तब्लीगी समाज ने लॉकडाउन के बावजूद इतनी बडी संख्या में एकत्रित होकर गंभीर अपराध किया है। यह जानबूझकर किया गया अपराध है जो माफ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, तबलीगी जमात का 'तालिबानी जुर्म'.. यह लापरवाही नहीं, 'गम्भीर आपराधिक हरकत' है। जब पूरा देश एकजुट होकर कोरोना से लड़ रहा है तो ऐसे 'गम्भीर गुनाह' को माफ नहीं किया जा सकता।

### कोरोना से पांच की मौत, 37 लोग संक्रमित

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस (कोविड 19) से संक्रमित दो और लोगों की मौत के बाद इससे मरने वालों की संख्या बुधवार को पांच हो गयी और यहां अब तक 37 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। कोरोना से संक्रमित दो लोगों की अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार देर रात मौत हो गयी। इनमें से एक 62 वर्षीय वृद्ध की सियालदह के एनआरएस अस्पताल में तथा 57 वर्षीय एक अन्य व्यक्ति की हावड़ा के गोलबारी के आईएलएस अस्पताल में मौत हुई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने दोनों मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि सियालदह में उल्टाडांगा के जिस व्यक्ति की मौत हुई उसने हाल में कहीं भी यात्रा नहीं की थी। उसे सांस लेने में तकलीफ होने के कारण सोमवार को भर्ती कराया गया था और उसके गले के नमूने की एसएसकेएम से मंगलवार रात नौ बजे रिपोर्ट आने से पहले ही उसकी मौत हो गयी।

### जम्मू और कश्मीर केन्द्रीय कानूनों लागू करने आदेश जारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने तत्कालीन जम्मू और कश्मीर राज्य के विशिष्ट राज्य कानूनों के अनुकूलन और संशोधन के लिए आदेश जारी किया है ताकि नवगठित केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में केन्द्रीय कानूनों को लागू करने में सुविधा हो।

### पीएम ने स्वामीगलु की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. शिवकुमार स्वामीगलु को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. शिवकुमार स्वामीगलु को उनकी जयन्ती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। समाज के प्रति उनका समृद्ध योगदान प्रेरणादायक है।

### बिहार में कोरोना से संक्रमित हुए 23

**पटना (आरएनएस)।** बिहार में नालंदा और बेगूसराय में एक-एक मरीज के कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि होने के बाद आज इस वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 23 हो गई। नालंदा के सिविज सर्जन राम सिंह ने बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित होने की आशंका में जिले से 30 लोगों के रक्त का नमूना जांच के लिए पटना के राजेंद्र मोमोरियल रिसर्च इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (आरएमआरआई) भेजा गया था। आज सुबह आई रिपोर्ट में जिले के एक व्यक्ति के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि की गई है। श्री सिंह ने बताया कि संक्रमित युवक जिले में सिलाव थाना क्षेत्र के सबैत गांव का रहने वाला है। वह करीब दो सप्ताह पूर्व दुबई से अपने गांव आया था। इसके बाद उसे गांव में ही चारंटाइन में रखा गया था। संक्रमण की पुष्टि होने के बाद उसे पटना भेजने की तैयारी की जा रही है।

### अगले छह माह में 04.88 लाख करोड़ का कर्ज लेगी सरकार

**» कोरोना वायरस का प्रभाव**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के प्रकोप से देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो रही है। इस हालात के बीच सरकार अगले छह माह में 04.88 लाख करोड़ का कर्ज लेने की तैयारी में है। इसकी जानकारी आर्थिक मामलों के सचिव अतनु चक्रवर्ती ने दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2020 - 21 के लिए बजट में बाजार से 07.08 लाख करोड़ रुपये का उधार लिए जाने का अनुमान लगाया था। इस रकम का करीब 60 फीसदी हिस्सा शुरुआती 06 महीनों में ही लिए जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री ने 2020 - 21 का आम बजट पेश करते हुए कहा था कि नए वित्त वर्ष में बाजार से उठाई जाने वाली राशि का एक बड़ा हिस्सा पूंजी व्यय में खर्च होने का अनुमान है।

## मोदी सरकार की सख्तीः ड्रग्स के तहत आए मेडिकल डिवाइस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक देश में बिकने वाले सभी मेडिकल डिवाइस 1 अप्रैल से ड्रग्स ऐंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत ड्रग्स की तरह माने जाएंगे।



सिरींज, डिजिटल थर्मामीटर, डायलिसिस मशीन जैसे तमाम मेडिकल डिवाइस ड्रग्स की श्रेणी में आ गए हैं. मेडिकल डिवाइस में कंडोम को भी शामिल किया गया है। सरकार ने मेडिकल डिवाइस को रखा ड्रग्स की श्रेणी में 1 अप्रैल से इन पर भी लागू हो गया। इसलिए ड्रग्स कंट्रोल इसिरिंज, डिजिटल थर्मामीटर, डायलिसिस मशीन जैसे तमाम मेडिकल डिवाइस आज यानी 1 अप्रैल से ड्रग्स की श्रेणी में आ गए हैं। कीमतों पर अंकुश के लिहाज से सरकार ने यह कदम उठाया है। मेडिकल डिवाइस में कंडोम को भी शामिल किया गया है।

यानी अब स्टेंट से लेकर कंडोम तक सस्ते मिलेंगे और इनकी कीमतों में मनमानी बढ़त नहीं हो पाएगी। केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक देश में बिकने वाले सभी मेडिकल डिवाइस 1 अप्रैल, 2020 से ड्रग्स ऐंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत ड्रग्स की तरह माने जाएंगे।

### चार डिवाइस की ऊपरी कीमत फिक्स रहेगी

अधिसूचना के अनुसार कार्डिएक स्टेंट, ड्रग इल्यूटिंग स्टेंट, कंडोम और इंट्रा यूटरीन डिवाइस को शेड्यूल्ड मेडिकल डिवाइस की श्रेणी में रखा गया है जिनकी ऊपरी कीमत फिक्स रहेगी, ये चारों डिवाइस प्राइस कंट्रोल के तहत आएंगे।

## इलाज के दौरान स्वास्थ्य कर्मी की हुई मौत पर एक करोड़ की मदद

**» केजरीवाल ने की घोषणा**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस के मरीजों के



इलाज से जुड़े स्वास्थ्य सेवा कर्मी यदि अपनी जान गंवाते हैं तो उनके परिजनों को एक करोड़ रूपये की मदद दी जाएगी। बुधवार का चिकित्सकों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले राष्ट्रीय राजधानी के सैनिकों के परिवारों को एक करोड़ रूपये की सहायता देती है। उन्होंने आगे कहा कि आपका योगदान भी सैनिक से कम नहीं है। यदि कोई भी स्वास्थ्यकर्मी, चाहे वह सरकारी या निजी चिकित्सक हो, नर्स या सफाईकर्मी हो, यदि कोरोना वायरस के मरीजों की सेवा का कोई काम कर रहा है और यदि इस दौरान उसकी मृत्यु हो जाती है तो सरकार उनके परिजनों को एक करोड़ रूपये देगी। तीन चिकित्सकों के कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के दौरान केजरीवाल ने चिकित्सकों से यह संवाद किया। अब तक राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस के 120 मामले सामने आ चुके हैं।

## लॉकडाउन में रेलवे चलाएगा दो स्पेशल ट्रेन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के चलते देशभर में 14 अप्रैल तक पूरी लॉकडाउन है, जिसके चलते ट्रेन सेवाएं पूरी तरह बंद हैं। ऐसे में लोगों के बीच जरूरी सामान पहुंचाने के लिए रेलवे ने दो स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ये स्पेशल ट्रेन नई दिल्ली से हावड़ा के बीच चलेंगी, जिसमें यात्रियों को सफर करने की इजाजत नहीं होगी।

रेलवे जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कोरोना वायरस की महामारी के चलते किए लॉकडाउन में आवश्यक वस्तुओं के परिवहन के लिए मालगाड़ियों का तो परिचालन किया ही जा रहा है, उसे बंद नहीं किया गया है। ऐसे में हमने अब जरूरी सामानों की आपूर्ति के लिए नई दिल्ली-हावड़ा के बीच दो पार्सल स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है, जिसका परिचालन 2 अप्रैल से शुरू हो रहा है।

उन्होंने कहा कि ये स्पेशल पार्सल ट्रेनें भारतीय रेल की छह रेलमार्ग पर चलेंगी।

इनमें से एक पार्सल स्पेशल ट्रेन नई दिल्ली से चलकर वाया पंडित दीन दयाल उपाध्याय, धनबाद होते हुए हावड़ा तक जाएगी और दूसरी पार्सल स्पेशल ट्रेन नई दिल्ली से चलकर वाया पंडित दीन दयाल उपाध्याय-पटना-झाझा-आसनसोल होते हुए हावड़ा पहुंचेगी.साथ ही कहा कि किसी भी यात्री को इन दोनों ट्रेनों से यात्रा की अनुमति नहीं है। वो न तो इस ट्रेन पर चढ़ सकेंगे और ही न ही इस ट्रेन से किसी तरह का सफर करेंगे।

## आने वाले दो हफ्ते होंगे काफी दर्दनाकःट्रंप

**वाशिंगटन।** दुनिया की महाशक्ति अमेरिका कोरोना वायरस से बुरी तरह से जूझ रहा है। अमेरिका में कोरोना वायरस को संक्रमण और मौत के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। कोरोना वायरस के मामले में अमेरिका की स्थिति चीन से भी ज्यादा खराब हो गई है। अमेरिका में कोरोना वायरस के कारण चीन से ज्यादा मौतें हुई हैं। पिछले 24 घंटे में अमेरिका में कोरोना से मौत का आंकड़ा 865 पहुंच गया। वहीं अब तक इस वायरस के कारण यूएस में 3415 लोगों की मौत हो गई है। वहीं कोरोना संक्रमण से पीड़ित लोगों की संख्या 1.74 लाख पहुंच गई है। अमेरिका में कोरोना वायरस से सबसे अधिक 932 मौतें केवल न्यू यॉर्क में हुई हैं। जबकि न्यू जर्सी में 247 और वॉशिंगटन में 150 लोगों की मौत हुई है।



अमेरिकी में बिगड़ते हालात को देखते हुए अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कहा कि अगले दो हफ्ते अमेरीकियों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि देश के सामने अभूतपूर्व चुनौती है। देश की लड़ाई एक घातक वायरस के साथ है, जिसे हमें पूरी ताकत से लड़ना होगा। वहीं अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट माइक पोम्पियो ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से फोन पर बातचीत की।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगले दो हफ्ते चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। इससे एक दिन पहले सोशल डिस्टेंसिंग दिशा-निर्देशों को 30 अप्रैल तक बढ़ाने की घोषमा कर दी गई। ट्रंप ने कहा कि आने वाले दो हफ्तों में कोरोना के चलते मृत्युदर भयावह होने वाले हैं। वहीं कोरोना महामारी के चलते 33 करोड़ की आबादी वाले अमेरिका में नेशनल इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। 25 करोड़ आबादी घरों में कैद हो गई है।

अमेरिका के 100 के इतिहास में ऐसी त्रासदी नहीं देखी गई। मौत के मामले में अमेरिका ने चीन को भी पछाड़ दिया है। वहीं अमेरिका में कोरोना वायरस की ये त्रासदी उसके खुद के लिए अब तक का सबसे बड़ा मामला है। इस कोरोना वायरस संकट ने 9/11से हुए मौत के मामले को भी पछाड़ दिया है।

## देश में 1600 के पार पहुंची मरीजों की संख्या

**» महाराष्ट्र में कोरोना के 18 नए मामले**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तमाम प्रयासों के बाद भी कोरोना वायरस का कहर जारी है। महाराष्ट्र में बुधवार सुबह ही 18 और पॉजिटिव मामले सामने आने से प्रशासन की चिंता बढ़ गई है।

इस तरह राज्य में अब तक 320 पॉजिटिव केस मिल चुके हैं। इसके साथ ही देश में कोरोना से पीड़ित लोगों की संख्या 1600 के पार कर गई है। बुधवार को महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 18 नए मामले सामने आए हैं। मुंबई में 16 और पुणे में दो मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। इस तरह राज्य में अब तक 320 पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं। वहीं, मरने वालों की संख्या महाराष्ट्र में 12 हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश भर में महामारी से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 47 हो गया है। मंत्रालय ने मंगलवार को दिए आंकड़े में कहा था कि कोविड-19 के सक्रिय मामले अभी 1238 हैं जबकि तीन मौत हुई हैं जिनमें से दो पंजाब में और एक महाराष्ट्र में है।

महाराष्ट्र में अब तक सबसे ज्यादा मौत (12) हुई हैं जबकि गुजरात में (6), कर्नाटक, पंजाब, मध्य प्रदेश में (3-3) दिल्ली, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर में (2-2) लोगों की जान गई हैं। केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, बिहार और हिमाचल प्रदेश में इस बीमारी से एक-एक व्यक्ति ने अपनी जान गंवाई है।

## लघु बचत योजना में निवेश पर घटी ब्याज दर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने लघु बचत योजना में निवेश करने वालों को मंगलवार को जोर का झटका दिया है। वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए इन योजनाओं पर मिलने वाली ब्याज दर घटा दी गई है। इसमें 0.70 फीसदी से लेकर 1.4 फीसदी तक की कटौती की गई है।



सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र और लोक भविष्य निधि समेत लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें 2020-21 की पहली तिमाही के लिए 1.4 प्रतिशत तक घटा दी हैं। लघु बचत योजनाओं पर ब्याज तिमाही आधार पर अधिसूचित किया जाता है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार एक से तीन साल की मियादी जमा राशि पर ब्याज अब 5.5 प्रतिशत मिलेगा जो फिलहाल 6.9 प्रतिशत है। यानी इस पर ब्याज में 1.4 प्रतिशत की कटौती की गई है। वहीं पांच साल के लिये मियादी जमा पर ब्याज 6.7 प्रतिशत मिलेगा जो फिलहाल 7.7 प्रतिशत है।

### पीपीएफ पर घटाया ब्याज

वहीं, पीपीएफ पर मिलने वाली ब्याज दर में 0.8 फीसदी की कटौती की गई है, जबकि पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट (पोस्ट ऑफिस फिक्स्ड डिपॉजिट) पर मिलने वाले ब्याज दर में 1.4 फीसदी की कटौती की गई है।

जबकि सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दर में 0.8 फीसदी की कटौती हुई है। इस घोषणा के बाद पीपीएफ पर अब 7.1 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जो पहले 7.9 फीसदी थी।

वहीं, नेशनल सेविंग्स स्कीम्स में अब 7.9 फीसदी की बजाय 6.8 फीसदी का ब्याज मिलेगा। सुकन्या समृद्धि योजना में अब 7.6 फीसदी का ब्याज मिलेगा, जो पहले 8.4 फीसदी था। फिक्स्ड इनकम पर आश्रित लोगों खासकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए ये किसी झटके से कम नहीं है। ये वर्ग आय के नियमित स्रोत के रूप में ब्याज से मिलने वाली रकम पर निर्भर रहता है। बैंकों ने भी हाल ही में फिक्सड डिपॉजिट पर ब्याज दरों में कटौती की है।

## जम्मू-कश्मीर में जिसने भी गुजारे 15 साल, वह अब वहां का निवासी

**» केंद्र सरकार ने जारी की नई डोमिसाइल नीति**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने कोरोना संकट के बीच केंद्र शासित प्रदेश जम्मू - कश्मीर के लिए नए डोमिसाइल नियमों का ऐलान किया है।

सरकार की ओर से जारी गजट नोटिफिकेशन के मुताबिक जम्मू - कश्मीर पुनर्गठन आदेश 2020 में सेक्शन 3 ए जोड़ा गया है। सरकार ने इसके तहत राज्य अथवा यूनियन टेरिटरी (यूटी) के निवासी होने की परिभाषा तय की है। सेक्शन 3 ए के मुताबिक जिस भी शख्स ने जम्मू - कश्मीर में 15 साल बिताए हैं या जिसने यहां सात साल पढ़ाई की और 10 वीं या 12 वीं तक की परीक्षा यहीं के किसी संस्थान से दी हो , वह व्यक्ति यहां का निवासी होगा। बीते 05 अगस्त से पूर्व जम्मू - कश्मीर में संविधान की धारा 35 ए के तहत तय होता था कि कौन व्यक्ति राज्य का निवासी है और कौन नहीं। इसी के साथ नौकरी और संपत्ति को लेकर स्वामित्व का निर्णय भी इसी धारा के तहत किया जाता था।